# समाज विकास


**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र**

• नवम्बर २०२५ • वर्ष ७६ • अंक ११

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००




२ नवंबर २०२५ — अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका तथा सम्मेलन के गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। चित्र में बाएँ से दाएँ: कैलाशपति तोदी, संतोष सराफ, नन्द लाल रूँगटा, बसंत कुमार सुराना, पवन कुमार गोयनका, पवन कुमार बंसल, केदार नाथ गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, राकेश कुमार बंसल, चांदमल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, कैलाश चंद काबरा, पवन कुमार जालान तथा गिरधारी लाल गोयनका।



**श्रद्धांजलि**

**श्री राम अवतार पोद्दार**

भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष



१ नवंबर २०२५ ; अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार की श्रद्धांजली सभा सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका की अध्यक्षता में संपन्न।

## इस अंक में

**विशेष पेज-१६**


**संपादकीय**

- समाज सुधार का एक स्वर्णिम कालखंड

**अध्यक्षीय**

- संयुक्त परिवार: बदलते समय में भी भारतीयता की पहचान

**संस्कार-संस्कृति चेतना**

- अनदेखे हाथों का आशीर्वाद
- ॐ के ११ शारीरिक लाभ
- संस्कार... एक कहानी

**प्रांतीय समाचार**

- पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंग, झारखंड, उत्कल, कर्नाटक

**आलेख**

- हिंदुओं में आस्था प्रतिकों के प्रति निष्ठा होना आवश्यक
- नए सदस्यों का स्वागत


**सूचना**

**९१वाँ स्थापना दिवस समारोह**

**२५ दिसम्बर २०२५**

**कला मंदिर सभागार, कोलकाता**

CENTURYPLY®

CENTURYPLY®
CENTURYLAMINATES®
CENTURYVENEERS®
CENTURYDOORS®
CENTURYEXTERIA®
Decorative Exterior Laminates
CENTURYPVC®
CENTURYPARTICLEBOARD®
The Eco-friendly and Economical Board
CENTURYPROWUD®
MDF-The wood of the future
zykron
FIBRE CEMENT BOARDS & PLANKS
SAINIK 710
WATERPROOF PLY
SAINIK LAMINATES™
BOLD & BEAUTIFUL

CENTURY PLYBOARDS (INDIA) LTD.
Century House, P-15/1, Taratala Road, Kolkata - 700 088
For any queries, SMS 'CPIL' to 56070 or call us on 1800 5722 122

# समाज विकास

◆ नवंबर २०२५ ◆ वर्ष ७६ ◆ अंक ११

◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- |
| ● **चिट्ठी आई है** | ३ |
| ● **संपादकीय :** समाज सुधार का एक स्मर्णिम कालखंड | ४ |
| ● **अध्यक्षीय :** संयुक्त परिवार : बदलते समय में भी भारतीयता की पहचान | ५ |
| ● **रपट** | |
| अखिल भारतीय समिति की बैठक | ६-८ |
| श्रद्धांजलि सभा | ९-१० |
| शोक संदेश | ११ |
| ● **सम्मेलन समाचार** | |
| शिष्टाचार भेंट, महत्वपूर्ण बैठक | १२ |
| विशेष **संस्कार-संस्कृति चेतना** | |
| अनदेखे हाथों का आशीर्वाद | १६-१७ |
| ॐ के ११ शारीरिक लाभ | |
| संस्कार... एक कहानी | |
| ● **प्रांतीय समाचार** | |
| पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंग, झारखंड, उत्कल, कर्नाटक | १३-१४, १९-२४ |
| ● **आलेख** | |
| हिंदुओं में आस्था प्रतिकों के प्रति निष्ठा होना आवश्यक | २५ |
| ● नए सदस्यों का स्वागत | २६-३० |



**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं संपर्क कार्यालय** : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिए **भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ **प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा** ◆ **संपादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


## चिट्ठी आई है

प्रिय श्री शिवकुमार जी,

समाज विकास पत्रिका का सितंबर २०२५ का अंक अभी प्राप्त हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष पद के पश्चात अब आपने पत्रिका के संपाद का पद ग्रहण किया इसके लिए बधाई एवं अभिनंदन।

पत्रिका के पृष्ठ ४ पर आपके संपादकीय लेख के पश्चात १८-१९ पर संस्कार संस्कृति चेतना शीर्षक के अंतर्गत लघु कथाएं अति महत्वपूर्ण सामाजिक एवं दिशा निर्देश है।

**– अरुण चुड़ीवाल**

(धन्यवाद, सन २०१७-१८, से मुझे समाज विकास के सम्पादन का अवसर लगातार प्राप्त है – सम्पादक)

## समाज

समाज को बदलने का प्रयत्न
सदियों से चलता आया है
पर सच कहें तो,
निष्कपट मन से समाज सुधारना
आज भी उतना ही कठिन है,
जितना किसी ज्वालामुखी को
शब्दों से शांत करना।

असंभव जो हर संभावना के सामने
ठिठाई से खड़ा रहता है,
चार विरामों की तरह
हर वाक्य के अंत में जड़ बन जाता है।

तभी तो अंगार जैसे शब्द,
ज्वालामुखी-सी पंक्तियां,
और विचारों की दहकती लपटें भी
बेअसर हो जाती हैं
जब सामने निर्लिप्त समाज हो।

जिस समाज में संवेदना सो चुकी हो,
जहां प्रश्नोत्तर की शक्ति कुंद हो चुकी
हो, जहां अन्याय को देख
लोग चुप्पी को ही धर्म मान लें
वहां शब्दों के शस्त्र भी
काठ की तलवार बन जाते हैं।

हां, हमारा समाज मुर्दा है
पर शायद अभी भी,
किसी एक शब्द, किसी एक ज्वाला
या किसी एक सच्चे हृदय की
धड़कन से
इसमें जीवन की आहट लौट सके।
काश! ऐसा हो सके।

**–उमेश खंडेलिया (धेमाजी)**

# समाज सुधार का एक स्वर्णिम कालखंड



**शिव कुमार लोहिया**

देश की स्वतंत्रता के आसपास कोलकाता देश के मारवाड़ी समाज का प्रमुख केंद्र था। यहां पर सामाजिक नेतृत्व एवं कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर समाज एवं समाज की संस्थाओं को नई-नई ऊंचाइयां प्रदान करने के सद्प्रयास में लगे हुए थे। २०वीं सदी का वह युग समाज सुधार, समाज सेवा एवं देश सेवा का अनूठा युग था। सीताराम सेक्सरिया, भागीरथ कानोड़िया, ईश्वर दास जालान, रामदेव चोखानी, आनंदीलाल पोद्दार, भंवरमल सिंघी, बजरंग लाल लाठ, राधा कृष्ण कानोड़िया, रामेश्वर टांटिया, नंद किशोर जालान, रामकुमार भुवालका, प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका, राधाकृष्ण नेवटिया, राम कृष्ण सरावगी, पुष्कर लाल केडिया जैसे लोग अपने योगदान से समाज को सिंचित करते थे। उसी समय कुछ युवा सामाजिक कार्यकर्ता भी थे जो समाज एवं सामाजिक संस्थाओं में अपनी महनीय भूमिका निभा रहे थे। इन युवा कार्यकर्ताओं में प्रमुख थे ब्रह्मदत्त झुनझुनवाला, सांवलराम गोयनका, विश्वनाथ लोहिया, रामनाथ शर्मा आदि। विश्वनाथ लोहिया कोलकाता के साथ-साथ उसके पड़ोस के एक महत्वपूर्ण औद्योगिक शहर हावड़ा के सामाजिक एवं राजनीतिक परिदृश्य में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे थे। इन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण, लगन, निष्ठा के द्वारा एक महान परंपरा कायम की।

हाल ही मे स्व. विश्वनाथ लोहिया जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया गया। वे अपने समय के मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज चिंतक थे। समारोह में वक्ताओं ने उनके समर्पण भाव से किए गए कुछ उदाहरणों का उल्लेख किया जिसके बारे में चर्चा करना समाज के लिए श्रेयस्कर होगा।

१) सामाजिक नेतृत्व को प्रवचन से अधिक आचरण के द्वारा अपनी बातों को पुष्ट करना चाहिए। हावड़ा में मृतक बिरादरी भोज को बंद करवाने में सामाजिक कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भूमिका रही। उसके कुछ वर्षों बाद एक परिवार ने अपने परिवार के सदस्य की मृत्यु पर मृतक बिरादरी भोज का आयोजन करने की ठानी। संयोग से उस परिवार का संबंध लोहिया जी के साथ भी था। स्वर्गीय लोहिया ने उस निर्णय का विरोध किया। जब लोगों ने नहीं माना तो स्वर्गीय लोहिया ने कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। स्वर्गीय लोहिया का मानना था कि गलत निर्णय लेने वाले चाहे उनके निकट संबंधी हो, उसका खामियाजा समाज क्यों भुगते? उन्हे सूचना दे दी गई कि मौके पर प्रदर्शन होगा एवं लोहियाजी प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करेंगे। घटना वाले दिन बात बढ़ने से बच गई, मौके की नजाकत को समझते हुए मृतक बिरादरी भोज आयोजन करने के निर्णय को वापस ले लिया गया।

२) साधारण लोगों के सुख-दुख में यथासाध्य भागीदारी एवं उनके निवारण के प्रयास नेतृत्व की जिम्मेदारी है। एक घटना का उल्लेख किया गया, जिसमें उनके अथक प्रयासों से लगभग १०० गरीब बेघर होने से बच गए। स्थानीय अंचल में पुलिस ने मकान मालिक की शह पर भाड़ेतियों को घर से बाहर कर दिया। बात जब लोहिया जी तक पहुंची, उन्होंने पश्चिम बंगाल के मंत्रिमंडल के सदस्यों से संपर्क साधा। उस समय वामपंथ की सरकार थी। उनके प्रयास से सभी को अपने-अपने कमरे की चाबियां वापस लौटा दी गई। ३ महीने तक अथक प्रयास किए गए एवं पुलिस के अत्याचार का पर्दाफाश किया गया।

३) वक्ताओं ने बताया कि वे आजीवन समाज सुधार के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करते रहे। वे समाज के विसंगतियों का मुखर विरोध करते थे एवं इसके लिए किए गए आंदोलनो में भाग भी लेते एवं नेतृत्व भी प्रदान करते। उस समय के एक अन्य घटना का मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा। मेरे एक मित्र ने ५० साल पहले अपनी विवाह के विषय में बताया कि मेरे विवाह के अवसर पर मेरे ससुराल वालों ने विवाह स्थल पर कुछ सजावट किया था। उस समय समाज में कुछ वरिष्ठ नेतृत्व आकर आपत्ति की कि इतनी सजावट अनावश्यक है। उन्होंने अनुरोध किया कि अनावश्यक सजावट से परहेज किया जाए। वधु पक्ष ने उनका अनुरोध मान लिया। आज इस प्रकार के वारदात की दोहराने के कोई भी संभावना नहीं दिखती। उस समय समाज में सामाजिक कार्यकर्ता धरातल पर लगन एवं निष्ठा से काम करते थे। अपने विश्वास को अंजाम देने के लिए ईमानदारी से हर संभव प्रयास करने में नहीं हिचकिचाते। इस संदर्भ मे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने सामाजिक जीवन काल में जो उदाहरण प्रस्तुत किये उन पर एक नजर डालने में कोई बुराई नहीं है। सामाजिक नेतृत्व से समाज को क्या अपेक्षाएं हो सकती हैं इसका हम आकलन कर सकते हैं।

४) सामाजिक कार्य कभी भी शौक नहीं हो सकता। इसमें संलग्न नेतृत्व को, अधिकारियों को वरीयता देना आवश्यक है। साथ ही उनकी प्रतिबद्धता भी समाज के प्रति होनी चाहिए।

५) सामाजिक कार्यों में पारदर्शिता अति आवश्यक है। उन्हें न सिर्फ जिम्मेदार, ईमानदार एवं कर्मठ होना चाहिए बल्कि अपने कार्यकलापों एवं प्रदर्शन द्वारा ऐसा दिखना भी चाहिए।

६) नेतृत्व को सामाजिक कार्यकर्ता के साथ मधुर व्यवहार रखना चाहिए। उन्हें उचित प्रोत्साहन व सम्मान मिलना चाहिए। साथ ही नए कार्यकर्ता बनाने का ठोस प्रयास भी होना चाहिए। नए-नए सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदय कुछ हद तक इस बात पर भी निर्भर करता है कि सामाजिक नेतृत्व इस विषय में कितना सचेष्ट एवं सजग है।

७) वक्ताओं ने स्व. लोहिया को एक विद्रोही सामाजिक कार्यकर्ता की संज्ञा दी। जब सामाजिक सुचिता एवं नैतिक मूल्य पर आंच आए तो नेतृत्व को समझौता नहीं करना चाहिए बल्कि विद्रोही तेवर अपनाना चाहिए। ऐसी हालत में अपने आचरण पर खरा उतरना आवश्यक होता है।

८) संगठन में आपसी संबंध में प्रेम, परस्पर विश्वास की प्रमुखता होनी चाहिए। संगठन की पहचान में सदस्यों की संख्या महत्वपूर्ण तो है ही पर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है आपसी सौहार्द, सद्भावना। संगठन की दीवार सदस्य रूपी ईंट से बनती है। प्रेम और सौहार्द रूपी बालू सीमेंट है जो ईंटों को जोड़े रखता है एवं तभी संगठन का ढांचा खड़ा रहता है।

९) सामाजिक नेतृत्व को स्थानीय समाज के साथ भी समरसता पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में स्वर्गीय लोहिया जैसे व्यक्ति से हम प्रेरणा ले सकते हैं, जिन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा का शुभारंभ स्थानीय भाषा भाषी बहुल क्षेत्र से किया एवं आजीवन बांग्ला भाषा एवं संस्कृति से लगाव रखा।

आज हम हमारे पूर्वजों के द्वारा स्थापित मूल्य बोध के क्षरण होते देख अपना मुंह फेर लेते हैं। आज जो सरल एवं आसान है वही मार्ग अपनाया जाता है।

# संयुक्त परिवार : बदलते समय में भी भारतीयता की पहचान



**पवन कुमार गोयनका**

संयुक्त परिवार हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे सुंदर परंपरा रही है। यह केवल एक रहन-सहन की पद्धति नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है – जहाँ साझा जिम्मेदारी, साझा सुख-दुःख और साझा संस्कार जीवन का आधार बनते हैं। समय बदला है, जीवन की गति तेज हुई है, पर रिश्तों का मूल्य और अपनापन आज भी उतना ही आवश्यक है जितना सदियों पहले था।

आज के युग में जब व्यक्ति अपनी व्यस्तता, महत्वाकांक्षाओं और तकनीक के घेरे में उलझता जा रहा है, तब पारिवारिक संबंधों में दूरी बढ़ती जा रही है। एकल परिवारों की संख्या बढ़ी है, लेकिन साथ ही तनाव, अकेलापन और असुरक्षा भी बढ़ी है।

ऐसे समय में संयुक्त परिवार फिर से एक संतुलित, स्नेहपूर्ण और संस्कारित समाज की आवश्यकता बन गया है।

भगवद्गीता में कहा गया है –

**"योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।" (गीता २.४८)**

अर्थात् – मन को संतुलित रखकर, आसक्ति छोड़कर कर्म करो।

संयुक्त परिवार इस "योगस्थता" का व्यवहारिक रूप है – जहाँ व्यक्ति अपने कर्तव्यों को निभाता है, परंतु अहंकार और स्वार्थ से मुक्त रहकर। इसमें 'मेरा' और 'तेरा' नहीं, केवल 'हमारा' होता है।

आज की पीढ़ी तकनीक के माध्यम से तो जुड़ी हुई है, पर भावनात्मक रूप से बिखरती जा रही है। बच्चे स्क्रीन पर समय बिताते हैं, माता-पिता व्यस्त रहते हैं, और वृद्धजन एकांत के साथी बन गए हैं।

संयुक्त परिवार इन टूटे धागों को जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह हर उम्र के व्यक्ति को भूमिका और महत्व देता है।

तैत्तिरीय उपनिषद का उपदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है –

**"मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव।"**

यह केवल श्लोक नहीं, बल्कि परिवार के भीतर सम्मान और अनुशासन का मूल है।

संयुक्त परिवार बच्चों को संस्कार देता है, युवाओं को दिशा और बुजुर्गों को सम्मान। यह जीवन की वह पाठशाला है जहाँ धैर्य, सेवा, विनम्रता और सह-अस्तित्व जैसे मूल्य सहज रूप से सीखे जाते हैं।

परिवर्तनशील समाज में यह कहना कि संयुक्त परिवार अब संभव नहीं, एक अधूरा दृष्टिकोण है। वास्तव में, हमें संयुक्तता के स्वरूप को नया आकार देना होगा।

भले ही हम अलग घरों में रहें, पर यदि मन, भावना और जिम्मेदारी में एकता बनी रहे, तो वही आधुनिक संयुक्त परिवार कहलाएगा।

महर्षि व्यास द्वारा रचित महाभारत में कहा गया है –

**"परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ।"**

अर्थात् – एक-दूसरे के कल्याण में सोचने वाला परिवार ही वास्तविक सुख प्राप्त करता है।

आज आवश्यकता है कि हम अपने परिवारों में संवाद को पुनर्जीवित करें। रविवार के भोजन, साझा पर्व, पारिवारिक बैठकों जैसी परंपराएँ फिर से शुरू हों। बच्चों को दादा-दादी की कहानियों से जोड़ें, क्योंकि वही कहानियाँ संस्कारों के बीज हैं।

प्रेम, संयम और सहिष्णुता से भरा वातावरण ही परिवार को सशक्त बनाता है।

संयुक्त परिवार हमें सिखाता है कि मतभेद होना स्वाभाविक है, पर मनभेद नहीं।

गीता का यह श्लोक हमें इसी दिशा में प्रेरित करता है –

**"समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते।" (गीता २.१५)**

जो व्यक्ति सुख-दुःख में समभाव रखता है, वही अमृतत्व का अधिकारी होता है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की भावना भी इसी पारिवारिक एकता से प्रेरित है –

"संस्कार, सेवा और समर्पण" हमारे मूल सूत्र हैं।

यदि घरों में प्रेम और एकता होगी, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त होगा।

अतः आज आवश्यकता है कि हम अपने परिवारों में एकता की लौ फिर से जलाएँ।

बुजुर्गों को सम्मान दें, बच्चों को समय दें, और एक-दूसरे की भावनाओं को समझें। यही हमारे "भारतीय जीवन मूल्यों" का सार है।

अंततः यही कहना उचित होगा –

**"संयुक्त परिवार केवल रहने का ढाँचा नहीं,**
**यह वह आस्था है जो पीढ़ियों को जोड़ती है।**
**यह वह संस्कृति है जो समय से नहीं,**
**संस्कारों से जीवित रहती है।"**

आइए, हम सब मिलकर इस परंपरा को फिर से सशक्त बनाएं –

संयुक्त परिवारों की गर्माहट, आत्मीयता और संस्कारों से भरा भारत ही सच्चे अर्थों में "वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का प्रतीक बन सकता है।

# आधुनिक सोच एवं पारंपरिक मूल्यों का संतुलन रख कर आगे बढ़े : पवन कुमार गोयनका



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक 'अखिल भारतीय समिति' के नए सत्र (२०२५-२७) की प्रथम बैठक की शुरुआत हिंदुस्तान क्लब, कोलकाता में दिनांक: २ नवंबर २०२५ को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका व सभी गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर की।



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका जी द्वारा सभा का प्रांरभ की घोषणा तीन बार ओम के उच्चारण से की गई। फिर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार के दिनांक: २६ अक्टूबर २०२५ को निधन होने पर उनकी याद में दो मिनट का मौन व्रत कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अध्यक्षीय संबोधन में श्री पवन कुमार गोयनका ने अखिल भारतीय समिति की बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने समस्त प्रांतीय अध्यक्षगण के प्रति हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी के सहयोग, विश्वास और सकारात्मक सहभागिता से यह चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः सफल रही है। यह संगठन की सामूहिक भावना और आपसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। हम आपके इस योगदान के लिए सम्मेलन की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं आभार प्रकट करते हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका जी ने बैठक में उपस्थित सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों का संक्षिप्त परिचय कराया। तत्पश्चात उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री का परिचय कराते हुए कहा कि ये सभी अनुभवी, समर्पित एवं कर्मठ समाजसेवी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने सदैव संगठन को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सभी पदाधिकारियों के सहयोग, निष्ठा और सामूहिक प्रयासों से सम्मेलन वर्तमान सत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करेगा।

श्री गोयनका ने कहा कि मैं दिल्ली में रहता हूँ। लेकिन सभी पदाधिकारीयों के सहयोग के कारण मुझे ऐसा लगता है कि मैं केंद्रीय कार्यलय में रह कर कार्य कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये सम्मान के साथ जिम्मदारी भी है। पिछले राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव **१. मायड़ भाषा का प्रचार-प्रसार, २. राष्ट्रीय एकता एवं विकसित भारत का संकल्प, ३. संस्कार-संस्कृति-चेतना, ४. संगठन, ५. समाज-सुधार, ६. वैवाहिक परिकोष्ट एवं टूटते रिश्ते है।** श्री गोयनका ने कहा कि सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीयों से आग्रह है कि आगे आकर पारित प्रस्तावों पर कार्य करे। आधुनिक सोच एवं पारंपरिक मूल्यों का संतुलन रख कर आगे बढ़ाए। श्री गोयनका ने महिलाओं की भागीदारी एवं सहयोगिता पर अपने विचार रखें। युवा वर्ग को जोड़ने और देश के भविष्य को बेहतर बनाने की बात कही। बच्चों में संस्कार देने की बात कही। भारतीय त्योहारो को मनाने पर जोर दिया। आगे उन्होंने कहा कि एक प्रोफेशनल सेल के गठन की आवश्यकता है। ताकि समाज को समय-समय पर उनसे सहायता ली जा सके। प्रोफेशनल सेल का गठन कर समय-समय पर सेमिनार करवाने




एवं बच्चों की काउंसिलिंग कराने की बात कही। ताकि समाज को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने सदस्यता विस्तार पर बात रखते हुए कहा कि सदस्यता संख्या किसी भी संगठन की मजबूती की निशानी है। किसी भी संगठन कि नींव है। हमें प्रण लेना है कि अधिक से अधिक सदस्यों को अपने सम्मेलन से जोड़ सके। इसके बारे में सभा को अवगत कराया। उच्च शिक्षा कोष के बारे में भी सभा को अवगत कराया।




स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमें अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। हमने अभी बंगाल में स्थित मनीपाल अस्पताल से (एम ओ यू) किया है। जल्द ही पूरे देश के लिए वो सुविधा उपलब्ध कराएंगे।



सम्मान की श्रृंखला में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्द लाल रुँगटा ने वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। उसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मान गुलाब का फूल देकर किया। बैठक में द इंस्टिट्यूट आफ सीए आफ इंडिया ईस्टर्न इंडिया रिजनल काउंसिल के चेयरमैन सीए श्री विष्णु तुलस्यान का सम्मान श्री निवर्तमान राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री श्री संजय गोयनका ने किया। एवं हिंदुस्तान क्लब के अध्यक्ष एवं सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री श्री संजय गोयनका का सम्मान श्री सज्जन बेरीवाल ने किया।



राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदार नाथ गुप्ता ने गत बैठक का कार्यवृत पेश किया। जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। उसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री ने महामंत्री की रपट प्रस्तुत कि एवं २८वें राष्ट्रीय अधिवेशन की संक्षिप्त रपट एवं विगत कार्यकलापों की जानकारी सभा को प्रस्तुत की।

कार्यसुची के अनुसार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति तथा विभिन्न उपसमितियों के गठन के निर्णय का अधिकार सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष का सौंपा।

कार्यसुची के अनुसार, सम्मेलन के बैंक खातों के संचालन संबंधित आवश्यक प्रस्तावों एवं मारवाड़ी सम्मेलन फाउंडेशन में पदेन एवं तीन मनोनित ट्रस्टियों के नाम भेजने का सर्वसम्मति से पारित किया गया।

राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका जो सम्मेलन की मासिक पत्रिका 'समाज विकास' के प्रिंटर और पब्लिशर थे। उनके निधन के उपरांत नए प्रिंटर एवं पब्लिशर के लिए सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के नाम की अनुशंसा की जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया।

अखिल भारतीय समिति की बैठक हेतु प्रांत से आए प्रस्तावों में सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्वोत्तर के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया एवं पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन से आए प्रस्तावों को सभा में पढ़ कर सुनाया। जिस पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रांतो के लंबित चुनाव पर तय सीमानुसार चुनाव करवाने की बात कही एवं चुनावों में एकरुपता लाने की बात कही। साथ ही वहाट्सअप पोलिसी, प्रांतो के लिए एक स्टैंडर्ड संविधान बनाने की बात कही।

बैठक में उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्द लाल रुँगटा ने कहा कि सम्मेलन के मूल उद्देश्य सामाजिक समरसता, सुधार है। पहले बाल विवाह, पर्दाप्रथा एवं लड़कियों की शिक्षा जैसी अनेक कुरीतियाँ थी। वर्तमान में विवाह समारोह में मद्यपान, महिलाओं द्वारा सड़को पर नृत्य, टूटते परिवार जैसी नई कुरीतियों ने जन्म लिया। जिसे दूर करने के लिए राष्ट्र स्तर, प्रांत स्तर एवं शाखा स्तर पर मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रांतो में शाखा खोले इससे सदस्यता बढ़ेगी। आगे कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्षों



की भूमिका तय हो प्रत्येक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष १० विशिष्ट संरक्षक सदस्य बनाए। समाज विकास में दो विज्ञापनो का सहयोग करे। सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी विशिष्ट संरक्षक सदस्य बनें। उच्च शिक्षा कोष में मदद करे। स्वास्थ्य पर सहयोग करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को अनुशासन से कार्य करना चाहिए। आगे श्री रुँगटा ने कहा कि सम्मेलन के इतिहास को अगर

देखे तो श्री ईश्वर दास जालान से श्री नंद किशोर जालान तक सभी ने सम्मेलन को सींचा है।



पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि अध्यक्ष जी युवा मंच से आए है काफी उर्जावान है १० साल बाद जब सम्मेलन १०० साल का हो जाएगा। उस समय तक सम्मेलन की सदस्यता १ लाख तक हो जाए, ऐसा हमें प्रयास करना चाहिए। उच्च शिक्षा हेतु ऐसे व्यक्तियों का चयन करे जो साल में २ लाख रुपये एक बच्चे की पढ़ाई हेतु दे सके। मारवाड़ी बच्चियों को सर्वाईकल कैंसर, निमोनिया एवं इंफ्लूएंजा जैसे बिमारीयों से बचने के लिए वैक्सिनेशन करवाना चाहिए।



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल गोयनका ने प्रांतो में आ रही है समस्याओं पर कहा कि ये छोटी-२ त्रुटियाँ है। सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, वर्तमान राष्ट्रीय पदाधिकागरीगण एवं प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री की टीम मिलकर इन समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल ने प्रांतो को केंद्र के साथ मिलकर कार्य करने एवं कार्यों में आ रही दिक्कतों को दूर करने पर केंद्रीय सहयोग देने की सहमति जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र की बैठकों में मेरी ५० प्रतिशत की उपस्थिति रहेगी।



निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने कहा कि कोई भी संगठन संविधान के हिसाब से ही चलने की परंपरा होनी चाहिए।

पूर्वोतर के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश चंद काबरा ने कहा कि अभी सम्मेलन की ३५ हजार की सदस्यता है। इसे बढ़ाकर हमें १ से २ लाख करने का प्रयास करना चाहिए।

झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल, पश्चिम बंग के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल, बिहार के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार बंसल एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल ने अपने-अपने प्रांतो की कार्यवाही से सभा को अवगत कराया। इसके अलावा विभिन्न प्रांतीय पदाधिकारीयों ने अपने-अपने प्रांतो की रपट एवं समस्याओं को बताया और उनके निदान हेतु केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया।



राष्ट्रीय महामंत्री ने बैठक को संचालित किया एवं राष्ट्रीय संगठनमंत्री श्री बसंत कुमार सुराना ने अखिल भारतीय समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। बैठक की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई।

बैठक में निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दिनेश जैन, राष्ट्रीय संयुक्तमंत्रीद्वय श्री पवन कुमार जालान, श्री पवन कुमार बंसल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अनिल मलावत, वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोंथलिया, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, श्री प्रदीप जीवराजका, श्री भगवान दास अग्रवाल, श्री गणेश कुमार खेमका, श्री हरिकृष्ण अग्रवाल, श्री विष्णु कुमार सुरेका, श्री जुगल किशोर जाजोदिया, श्री प्रदीप कुमार गोयनका, श्री प्रकाश चंद्र हरलालका, श्री बाबूलाल बंका, श्री अरुण गाड़ोदिया, श्री शिव रतन अग्रवाल, श्री अरविंद मुरारका, श्री सज्जन बेरीवाल, श्री अनिल डालमिया, श्री रवि लोहिया, श्री काशी प्रसाद ढ़ेलिया, श्री राधा किशन सफ्फड़, श्री संदीप कुमार सेक्सरिया, श्री शशि कांत साह, श्री इंद्र चंद मेहरीवाल, श्री बिनोद कुमार लिह्ला, श्री बिश्वनाथ भुवालका, श्री राजेश कुमार सोंथलिया, श्री पियूष क्याल, श्री अमित कुमार अग्रवाल, श्री राजेश कुमार रितोलिया, श्री राजेश अग्रवाल, श्री ललित कुमार पोद्दार, श्री कृष्णा अग्रवाल, श्री कौशल अग्रवाल, श्री यश तुलस्यान, श्री मुकेश मित्तल, श्री प्रदीप मिश्रा, श्री पवन जैन, श्री दीनदयाल धनानिया एवं अन्य उपस्थित रहे।



# सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार को श्रद्धांजलि



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय सभागार में दिनांक: १ नवंबर २०२५ को सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, उद्योगपति तथा समाजसेवी श्री राम अवतार पोद्दार के परलोकगमन पर सम्मेलन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि गई। श्री राम अवतारजी पोद्दार को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री पवन कुमार गोयनका** ने कहा कि श्री पोद्दार जी का नेतृत्व हमारे सम्मेलन के इतिहास में अद्वितीय रहा है। वे अब तक के एकमात्र ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का सफर तय किया। उन्होंने शालीनता, व्यावहारिकता, मृदुशालिता, कर्मठता, सामाजिक सोच, संस्कार और अनुशासन के साथ अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

श्री गोयनका ने आगे कहा कि दुर्भाग्य का यह भीषण संयोग है कि श्रद्धेय श्री राम अवतार पोद्दार जी का निधन हुआ और उनके ज्येष्ठ पुत्र, श्री राजेश पोद्दार जी – जो सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य थे, वे भी हमें छोड़कर चले गए। यह क्षति अपूरणीय है, और हमारे हृदयों को गहराई तक विचलित कर गई है।

श्रद्धेय श्री राम अवतार पोद्दार जी की स्मृतियाँ, उनके विचार और उनका अनुकरणीय जीवन – हम सबके लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का दीप बनकर सदैव हमारे साथ रहेंगे।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि श्री राम अवतार जी पोद्दार से मेरा संबंध पारिवारिक था। सम्मेलन के प्रति वे समर्पित थे। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नन्द लाल रुँगटा** ने कहा कि श्री राम अवतार जी पोद्दार बहुत ही सरल, मिलनसार एवं हंसमुख थे। मेरा संबंध उनसे २५ वर्षों

## शोक प्रस्ताव

**"श्री राम अवतार पोद्दार जी का संपूर्ण जीवन समाज, संस्कृति और सेवा के प्रति समर्पण का उज्ज्वल उदाहरण रहा। उन्होंने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विभिन्न पदों का निर्वहन किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और सशक्त पहचान प्रदान की। उनका सम्मेलन के प्रति गहरा लगाव था। चाहे सम्मेलन के पुराने कार्यालय के नवीनीकरण का कार्य या फिर नए कार्यालय के क्रय, समाज में नैतिक मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और एकता के प्रसार में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। वे सच्चे अर्थों में कर्मयोगी, सज्जन, सरल एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे।"**

**सम्मेलन को उनका मार्गदर्शन एवं स्नेह अनवरत रूप से प्राप्त होता रहा। उनके निधन से समाज और सम्मेलन, दोनों की अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी स्मृति, उनके कार्य और उनके आदर्श हम सभी के लिए युगों-युगों तक प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।**

**"ईश्वर की यह कैसी परीक्षा रही कि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र, सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य, श्री राजेश पोद्दार जी का भी आकस्मिक निधन हो गया।**

**राजेश जी अपने पिताजी के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा के हर कार्य में अग्रणी रहे। उनका विनम्र स्वभाव, सहयोगी दृष्टिकोण और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में स्थान देता है।**

**श्री रामावतार पोद्दार जी और श्री राजेश पोद्दार जी - दोनों का अल्प अंतराल में निधन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन तथा सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यंत गहरी और अपूरणीय क्षति है। उनकी अनुपस्थिति एक ऐसा शून्य छोड़ गई है, जिसे भर पाना असंभव है।**

**सम्मेलन उनके प्रति अपनी गहन श्रद्धांजलि अर्पित करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्माओं को चिरशांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह असह्य दुःख सहन करने की शक्ति दें।"**

**"ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः"**



से रहा है। मेरे कार्यकाल में वे राष्ट्रीय महामंत्री थे। उनके मन में हर समय सम्मेलन के प्रति जागरुकता थी। साथ ही उनके पुत्र के निधन मर्माहत करने वाली है। निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री शिव कुमार लोहिया** ने कहा कि उनके अंदर सम्मेलन को आगे बढ़ाने की लालसा थी। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उनके साथ मुझे काम करने का मौका मिला। इस दौरान मैने उनसे बहुत कुछ सीखा। उनके पुत्र का श्री राजेश पोद्दार का निधन अधिक दुखदायी है। पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री रतन साह** जी ने कहा कि वे पहले व्यक्ति थे जिसने सम्मेलन के प्रत्येक पदों का निवर्हन किया। उनके द्वारा किए गए कार्यो को आगे बढ़ाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **पद्मश्री प्रह्लाद रायजी अगरवाला** द्वारा भेजे गये शोक प्रस्ताव पढ़ा। जिसमें पद्मश्री प्रह्लाद जी ने लिखा हमारे सम्मानीय पूर्व अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार जी तथा उनके सुपुत्र श्री राजेश पोद्दार जी के निधन पर मेरी गहरी संवेदनाएँ।

श्री राम अवतार पोद्दार जी का स्वर्गवास रविवार, २६ अक्टूबर २०२५ को तथा उनके सुपुत्र श्री राजेश पोद्दार जी का स्वर्गवास सोमवार, २७ अक्टूबर २०२५ को हो गया। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

इस गहन दुःख की घड़ी में हम सभी प्रभु से प्रार्थना करें कि वे शोकाकुल परिवार को संबल एवं धैर्य प्रदान करें।

उसके बाद श्री गोयनका ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** जी द्वारा प्रेषित शोक प्रस्ताव पढ़ा। जिसमें श्री गाड़ोदिया ने लिखा की सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय रामावतार जी पोद्दार के परलोक गमन की सूचना से बहुत दुख हुआ। स्वर्गीय पोद्दार जी ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदों पर अपने कार्यकौशल की छाप छोड़ी है। मेरे अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन में भी उन्होंने हमेशा एक बड़े भाई एवं पथप्रदर्शन के रूप में मेरा मार्गदर्शन किया।

सरल स्वभाव, कुशल नेतृत्व क्षमता एवं मृदुल व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय पोद्दार जी की पुण्य आत्मा इस नश्वर संसार का परित्याग कर अपने सदकर्मो की अमित छवि अंकित कर अंतरिक्ष की गहराइयों में विलीन हो गई।

सर्वशक्तिमान प्रभु से प्रार्थना है कि उनकी पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में चिर शांति प्रदान करे एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। ॐ शान्ति शान्ति शान्तिः। पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने कहा कि श्री राम अवतार जी पोद्दार ने ही मुझे सम्मेलन से जोड़ा। वे मेरे पिताजी के बचपन के दोस्त थे। लेकिन ऐसा लगता है कि मैंने अपना दोस्त खोया है। वो अजातशत्रु थे – उनका कोई शत्रु नहीं था। जबसे सम्मेलन से जुड़े पूर्ण रुप से सम्मेलन के प्रति समर्पित हो गए। निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री **श्री कैलाशपति तोदी** ने कहा कि उनके साथ मेरा अनुभव बहुत ही विशिष्ट था। सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल ने कहा कि मेरा व्यक्तिगत परिचय उनसे नहीं था लेकिन उनसे मैं सम्मेलन की बैठकों में मिला था। वो सम्मेलन के पारिवारिक सदस्य थे। पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष **श्री नंदकिशोर अग्रवाल** ने कहा कि उनसे मेरा संपर्क १९८० से था। उनके पास सहनशीलता थी। उनके निधन से सम्मेलन को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनकी बातें हमेशा यादगार रहेंगी। पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष **श्री कैलाश काबरा** ने कहा कि मुझसे उनकी एक दो बार मुलाकत हुई है। वो महापुरुष थे। वे सम्मेलन के लिए दिन-रात समर्पित थे। श्री काबरा आगे कहा कि पिता के बाद बेटे का जाना बड़ा दुखःद है। श्री काबरा ने पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की तरफ से शोक प्रस्ताव का वाचन किया एवं श्री राम अवतार पोद्दार के अनुज श्री अनिल पोद्दार को शोक प्रस्ताव सौंप दिया। सम्मेलन के सदस्य प्रमोद साह ने कहा कि उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान था। जब भी मिलते थे अच्छा लगता था। सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहनलाल तुलस्यान के पुत्र **श्री नरेंद्र तुलस्यान** ने कहा कि हमें श्री राम अवतार पोद्दार जी के द्वारा दिए गए शिक्षा एवं उनकी सोच को अपने जीवन में आचरण करना चाहिए। सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठनमंत्री **श्री बंसत सुराना** ने कहा कि श्री राम अवतारजी पोद्दार के बारे में जो कुछ भी सुना वो सराहनीय है। जिनका इतना बड़ा इतिहास रहा है। वहाँ सम्मेलन में ऐसे काम होने ही है। ये संस्था और समाज के लिए अपुरणीय क्षति है। सम्मेलन के राजनैतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन **श्री नंदलाल सिंघानिया** ने कहा कि श्री पोद्दार में अपनापन था। वे सभी से हंसकर मिलते थे। श्री राम अवतारजी पोद्दार के अनुज श्री बिमल पोद्दार एवं अनिल पोद्दार एवं श्री राम अवतार पोद्दार के पुत्र श्री राजेश पोद्दार के मित्र श्री अरुण अग्रवाल ने भी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदार नाथ गुप्ता ने सम्मेलन की ओर से शोक प्रस्ताव का वाचन किया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभा में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वय श्री पवन कुमार जालान एवं श्री पवन कुमार बंसल, निवर्तमान राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री संजय गोयनका, आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल, श्री बाबूलाल बंका, संदीप सेक्सरिया, श्री जगदीश अग्रवाल, अमित मुँधड़ा, श्री सुभाष चंद्र गोयनका, श्री जुगल किशोर जाजोदिया, श्री विश्वनाथ भुवालका, श्री सज्जन बेरिवाल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री बाल कृष्ण जालान, श्री प्रकाश कुमार पारख, श्री अरविंद मुरारका एवं श्री अमित डाबरीवाल सभा में सम्मिलित हुए और एक मिनट का मौन रखते हुए सभी ने श्री राम अवतार जी पोद्दार एवं उनके पुत्र श्री राजेश पोद्दारजी को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार के निधन पर प्राप्त शोक संदेश

## श्रद्धांजलि

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज के प्रतिष्ठित मार्गदर्शक एवं ८६ वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी श्री राम अवतार पोद्दार जी का निधन २६ अक्टूबर २०२५ को हो गया। उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। सम्मेलन में अभी तक एकमात्र श्री पोद्दार जी ही वो सदस्य रहे, जो राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सफर तय करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और शालीनता, व्यावहारिकता, कर्मठता, सामाजिक सोच, संस्कार, अनुशासन के साथ सफल कार्यकाल पूरा किया। उनके निधन से समाज ने एक ऐसे कार्यकर्ता को खो दिया है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, संगठन निर्माण और मानवीय मूल्यों के प्रसार हेतु समर्पित किया।



श्री पोद्दार जी का योगदान न केवल मारवाड़ी सम्मेलन, बल्कि संपूर्ण समाज के उत्थान में अविस्मरणीय रहेगा। उनका सादगीपूर्ण जीवन, कर्मनिष्ठता, दूरदृष्टि और समाज के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। **सम्मेलन परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजली।**

स्वर्गीय पोद्दार जी एक बहुत ही सरल हृदय और दयालु व्यक्ति थे। वे सदा काफी मिलनसार और सम्मानित रहे। सम्मेलन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में, जो कुछ भी सम्मेलन में प्रगति हुई, उसका सारा श्रेय, उनको जाता है। भगवान से प्रार्थना है, उन्हें सद्गति मिले और पूरे परिवार को इस क्षति को सहने की शक्ति दें। ओम शांति।

**– श्री नन्द लाल रुंगटा, पर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अ.भा.मा.स.**

दिवंगत श्री रामअवतार पोद्दार जी अत्यंत विनम्र, सौम्य स्वभाव और दयालु हृदय वाले व्यक्ति थे। उन्होंने सम्मेलन में लगभग सभी दायित्वों पर सेवा दी थी। उनका जाना सम्मेलन और समाज – दोनों के लिए अत्यंत अपूरणीय क्षति है।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शांति और दिव्य लोक में स्थान मिले तथा परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो।

**– श्री संतोष सर्राफ, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अ.भा.मा.स.**

मृदुभाषी, मिलनसार आदरणीय पोद्दार जी के निधन की खबर ने हम सभी को मर्माहित किया है। अंतिम समय तक सम्मेलन के साथ आत्मीय रूप से उनका जुड़ाव प्रेरणास्वरूप है। इसी वर्ष कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान आखिरी बार उनसे मुलाकात करने का अवसर मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके पूर्वोत्तर प्रांत के दौरे की स्मृति आज भी हमारे मन मस्तिष्क में है।

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें। **– श्री मधुसूदन सीकरिया, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अ.भा.मा.स.**

मृदुभाषी, सरल एवं सफल व्यक्तित्व के स्वामी समाजसेवी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार जी का निधन एक अपूरणीय क्षति है। श्री पोद्दार के साथ काम करने का मौका मिला एवं उनकी सरलता का कायल हो गया। दिवंगत आत्मा को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

**– श्री विनय सरावगी, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अ.भा.मा.स.**

भाई रामअवतार जी १९९० से लायंस क्लब में मेरे अत्यंत निकट रहे। वे सदैव सहयोग करने वाले, सौम्य स्वभाव के और सरल हृदय वाले थे। जब वे AIMF के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, उस समय मैं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत था। उनका निधन हमारे मारवाड़ी सम्मेलन तथा लायंस इंटरनेशनल – दोनों के लिए एक बड़ी क्षति है।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को शांति और दिव्य लोक में स्थान मिले।

ॐ शांति

**– श्री गोपाल अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष**

मेरा सबसे ज्यादा और पहला परिचय सम्मेलन में पोद्दार जी से ही हुआ था। सांसों का सबका कोटा है, देह छोड़कर सबको जाना है। ओम शांति

**– श्री कमलेश नाहटा, पूर्व अध्यक्ष, मध्य प्रदेश प्रा.मा.स.**

भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और एवम परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहने की शक्ति दे।

**– श्री बिजय डोकानिया, पूर्व अध्यक्ष, पश्चिम बंग प्रा.मा.स.**

हम भगवान से ऐसी प्रार्थना करते है कि वो इस कठिन समय में आपका साथ दे और उनकी आत्मा को शांति दे।

**– श्री महेश जालान, निवर्तमान संगठनमंत्री, अ.भा.मा.स.**

ओम शांति ओम शांति ईश्वर आध्यात्मिक आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवे। परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

**– डॉ. टीकम चन्द सेठिया, महामंत्री उत्तरप्रदेश प्रा.मा.स.**

मृदुभाषी, सरल एवं सफल व्यक्तित्व के स्वामी समाजसेवी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार जी को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

**– श्री रवि शंकर शर्मा, निवर्तमान प्रांतीय महामंत्री झारखंड, प्रा.मा.स.**

**इसके अलावा सम्मेलन के अन्य सदस्यों – श्री अशोक कुमार जालान, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री रंजित कुमार जालान, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री पवन कुमार बंसल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, श्री रमेश कुमार चांडक, प्रांतीय महामंत्री, पूर्वोत्तर प्र.मा.स., श्री रंजित कुमार टिबड़ेवाल, अध्यक्ष, उत्तराखंड प्रा.मा.स., श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश प्रा.मा.स., श्री गोविंद अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, उत्कल प्रा.मा.स., श्री चांदमल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश प्रा.मा.स., श्री बसंत कुमार मित्तल, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष, झारखंड, प्रा.मा.स., श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, दिल्ली, प्रा.मा.स., श्री बसंत पोद्दार, प्रांतीय महामंत्री, दिल्ली प्रा.मा.स., श्री विनोद कुमार जैन, प्रांतीय महामंत्री, झारखंड, प्रा.मा.स. ने भी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम अवतार पोद्दार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।**

सम्मेलन समाचार

# शिष्टाचार भेंट



दिनांक २५ अक्टूबर २०२५ को सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री राधेश्याम गोयनका, संस्थापक, इमामी लिमिटेड से उनके निवास स्थान पर सौजन्यता मूलक भेंट वार्ता हुई। उनका सम्मान दुपट्टा पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका, राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदार नाथ गुप्ता एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार मलावत ने किया। अध्यक्ष जी ने उन्हें समाज विकास भेंट की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने श्री राधेश्याम गोयनका जी के साथ सामाजिक विषयों पे चर्चा की एवं उन्हे बताया कि सत्र २०२५-२७ के लिए अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का नारा है "म्हारी चाह - संगठित समाज"। श्री गोयनका जी ने सम्मेलन की गतिविधियों में रुचि दिखाई एवं सराहना की और भविष्य में सम्मेलन के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की।

# महत्वपूर्ण बैठक



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका जी के कार्यालय में ६ नवंबर २०२५ को सिक्किम मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष श्री सज्जन अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय अग्रवाल के दिल्ली आगमन पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका जी ने सिक्किम मारवाड़ी समाज के पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर सिक्किम प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन एवं सिक्किम मारवाड़ी समाज के बीच संभावित गठजोड़ पर गहन चर्चा हुई। (ज्ञात रहे सिक्किम मारवाड़ी समाज के ६ हजार सदस्य है।)

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आपसी विचार-विमर्श कर शीघ्र ही इस गठजोड़ की एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा निकट भविष्य में गंगटोक में एक सभा आयोजित कर इस प्रक्रिया को औपचारिक रूप से पूर्ण किया जाएगा।

## शोक समाचार



अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय शाखा आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के वरिष्ठ एवं आजीवन सदस्य, विशाखापट्टनम निवासी श्री किशनलाल जी चौधरी का परलोकगमन दिनांक २७ अक्टूबर २०२५ को विशाखापट्टनम् में हो गया है। सम्मेलन परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।



पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की लखीमपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं असम व्यापारी समुदाय के मार्गदर्शक स्व. श्री ओम प्रकाश दिनोदिया का निधन २ अक्टूबर २०२५ को सुरत में उनके शताब्दी जन्मदिवस के दिन स्वर्गवास हो गया। सम्मेलन परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज के वरिष्ठतम मार्गदर्शक, आदरणीय एवं सम्माननीय श्री रामावतार पोद्दार जी का दिनांक २६ अक्टूबर २०२५ को स्वर्गवास साल्टलेक, कोलकाता में हो गया। दुर्भाग्यवश, उनके ज्येष्ठ सुपुत्र एवं सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य श्री राजेश पोद्दार जी का भी दिनांक २७ अक्टूबर २०२५ को आकस्मिक निधन साल्टलेक, कोलकाता में हो गया। वे सदैव समाज के कार्यों में अग्रणी रहे और अपने विनम्र स्वभाव एवं सहयोगी दृष्टिकोण से सबके प्रिय थे। सम्मेलन परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के झारखंड से विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री रामचंद्र रुंगटा (पुत्र स्व. राम कुमार रुंगटा) का आकस्मिक निधन दिनांक: १९ अक्टूबर २०२५ को हो गया। वे सदैव समाज के कार्यों में अग्रणी रहे और अपने विनम्र स्वभाव एवं सहयोगी दृष्टिकोण से सबके प्रिय थे। सम्मेलन परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।

## प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक ११ अक्तूबर २०२५ को गुवाहाटी स्थित परशुराम सेवा सदन में गुवाहाटी एवं कामरूप शाखा के तत्वावधान में आयोजित की गई। इस बैठक में समेलन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सभा में इस वर्ष दीपावली मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दीपावली का पर्व श्रद्धा और सादगी के साथ मनाया जाएगा। सम्मेलन ने सभी समाजबंधुओं से भी ऐसा करने का आह्वान किया।

उक्त विशेष कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत सुरणा, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्याम सुंदर हरलालका, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल, प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश काबरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री विनोद कुमार लोहिया, प्रांतीय महामंत्री श्री रमेश कुमार चांडक, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राज चौधरी।

निवर्तमान प्रांतीय महामंत्री श्री अशोक अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री श्री बीरेन अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवारी, प्रांतीय सलाहकार श्री प्रदीप भड़ेच, सहायक मंत्री (मण्डल-बी) श्री निरंजन सिकरीया, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. महेश जैन, मण्डलीय उपाध्यक्ष (मंडल-जी) श्री श्रीधर शर्मा, श्री दिगम्बर जैन पंचायत के संगठन मंत्री श्री जयकुमार छाबड़ा, श्री दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अशोक छाबड़ा, माहेश्वरी सभा गुवाहाटी के अध्यक्ष श्री सीताराम बिहानी, आसाम माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट (माहेश्वरी भवन, गुवाहाटी) के अध्यक्ष श्री भगवान दास दम्मानी, अग्रवाल सभा, गुवाहाटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार जालान, श्री गौहाटी गौशाला के मंत्री श्री रामस्वरूप जोशी, श्री ब्राह्मण समाज के सलाहकार श्री शिव भगवान शर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री दिनेश भिलवाड़िया, (सरुपथार), प्रांतीय सलाहकार श्री माणक नाहटा (नगांव), श्री जैन समाज-मंदिर मार्गी के श्री प्रेम खजांची, मण्डलीय सहायक मंत्री (मंडल-बी) श्री पवन मोर, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री किशनलाल नाहटा-कोकराझार, प्रांतीय संयोजक श्रीमती रागिनी गोयल, प्रांतीय संयोजक श्री विवेक सांगानेरिया, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री गौतम गोयनका, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य (गुवाहाटी शाखा) श्री मनोज चाण्डक और सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी, सम्मेलन की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया।



## पारिवारिक दीपावली मिलन समारोह



२५ अक्टूबर २०२५ को पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की गुवाहाटी मेट्रो शाखा द्वारा आयोजित **"दीपावली गोठ – दीवाली मिलन समारोह"** सूरजमल जुहारमल सानगनेरिया धर्मशाला में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय जुबिन गर्ग को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत जी सुराना, प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी काबरा तथा प्रांतीय संगठन मंत्री श्री मनोज जी काला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक ऊँचाई प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन शाखा के संयुक्त सचिव डॉ. अशिम चौधरी ने अपनी प्रभावशाली वाणी और मधुर शैली में किया।

## असम प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शिक्षा कोष के नए ट्रस्ट बोर्ड का गठन

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिनस्थ असम प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के शिक्षा को, का नया ट्रस्ट बोर्ड गठित किया गया है। १२ अक्टूबर को अपराह्न ३.०० बजे गुवाहाटी स्थित मारवाड़ी पुस्तकालय में आयोजित एक सभा में इस बोर्ड का चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया गया। नए ट्रस्ट बोर्ड का अध्यक्ष के रूप में श्री लोखनाथ मोर का चयन किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद सिंघानिया एवं श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल को, सचिव श्री मधुसूदन सिकरिया को, संयुक्त सचिव श्री समीत सराफ एवं श्री रितेश बावरी को तथा कोषाध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल (सीए) को चुना गया। बोर्ड के सदस्यों की सूची में श्री भगवती प्रसाद खेमका, श्री बिनोद कुमार अग्रवाल, श्री ओमप्रकाश चौधरी, श्री अंजनी कुमार जाजोदिया, श्री प्रभाव कुमार केडिया, श्री गौतम देवड़ा, श्री संतोष चाचान, श्री दिलीप कुमार सराफ, श्री नारायण प्रसाद झुनझुनवाला, श्री रमेश बावरी, श्री शिव प्रसाद भीमसरिया, श्री अभिषेक सिंघानिया, श्री रोहित देवड़ा, श्री निरंजन सिकरिया, श्री कैलाश काबरा, श्री रमेश कुमार चंडक, श्री प्रमोद तिवाड़ी, श्री विनोद कुमार लोहिया, श्री मनोज कुमार जैन, श्री दिनेश गुप्ता, श्री पवन कुमार शर्मा, श्री कुंज बिहारी अजमेरा और श्री कमल अग्रवाल शामिल हैं।

## गोलकगंज शाखा का गठन



सम्मेलन परिवार में आज प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य किशनलाल नाहटा के प्रयास से एक और नई शाखा जुड़ गई है - गोलकगंज शाखा।

गोलकगंज में शाखा गठन के उद्देश्य से गुवाहाटी से रवाना होकर प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बंसत सुराणा, प्रांतीय संगठन मंत्री मनोज काला व कोकराझार से प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य किशनलाल नाहटा गोलकगंज पहुंचे।

वहां स्थानीय मारवाड़ी समाज के साथ बैठक आयोजित कर शाखा का गठन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष के रूप में प्रेमसुख सेठिया, संस्थापक सचिव संदीप अग्रवाल व कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

## शिशु दिवस का पालन



मारवाड़ी सम्मेलन महिला शाखा एवम मारवाड़ी एकता मंच ने संयुक्त रूप से बाल दिवस के अवसर पर फाटाशील शिशु विद्यापीठ स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी बच्चों को पेंसिल, कॉफी, कलर, रबर चॉकलेट व कई तरह के उपहार बांटे गए। स्कूल की प्रिंसिपल संतना दास का फुलाम गमछा से स्वागत किया गया। सम्मेलन महिला शाखा अध्यक्ष संतोष शर्मा व मारवाड़ी एकता मंच की अध्यक्ष सरोज मित्तल ने स्कूल के सभी अध्यापको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजिका सिया शर्मा, रेखा गोयल, राजश्री कुचेरिया, बीना चोरडिया, इंदिरा जिंदल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा, कोषाध्यक्ष शांति कुंडलिया तथा एकता मंच से जानकी चांडक, अमीता अग्रवाल, कोमल गुप्ता, सनीता अग्रवाल, सुमित्रा काबरा, निर्मला जांगिड़, दीक्षा कुंडलिया, मीनू दूधेरिया, अलका अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## दीपावली मिलन समारोह



मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा का दिवाली मिलन समारोह छत्रीबाड़ी स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, महामंत्री रमेश चांडक, उपाध्यक्ष मुख्यालय विनोद लोहिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्रांतीय सहायक मंत्री निरंजन सिकरिया, कार्यक्रम के प्रायोजक गोकुल सोनी और सीमा सोनी ने दीप प्रज्वलित करके किया। अवसर पर उनके साथ शाखा अध्यक्ष अजीत शर्मा, सचिव अनुज चौधरी, कोषाध्यक्ष संजय गिरिया, संस्थापक अध्यक्ष संपत मिश्र, मारवाड़ी सम्मेलन मेट्रो शाखा के अध्यक्ष अमित कंसल उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालक सुजीत बुखरेडिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन करवाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बसंत सुराणा, प्रांतीय रक्तदान समिति संयोजक बजरंग सुराणा, सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के सचिव सूरज सिंघानिया, महिला शाखा की अध्यक्ष संतोष शर्मा, अग्रवाल युवा परिषद के अध्यक्ष कुणाल जाजोदिया का दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया गया। शाखा अध्यक्ष अजीत शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए अपने उदगार प्रकट किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष ने भी अपने संबोधन में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। शाखा का मुखपत्र कामरूप दर्पण की सह संपादिका कंचन शर्मा ने कामरूप दर्पण के दिवाली विशेषांक का विमोचन मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों के कर कमलो से करवाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक सुरजीत बखरेडिया, विनोद शर्मा के अलावा संजय खेतान उमाशंकर गट्टानी, संजय निमोदिया, बाबूलाल नवलखा, भरत जैन, नारायण गट्टानी, प्रभात शर्मा, रोहित खंडेलवाल, सरिता लोहिया, सुनीता गुप्ता, पिंकी गिरिया, कंचन शर्मा के अलावा अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## मानवता और एकता की मिसाल

सुमित झंवर(लखीमपुर निवासी) जो कि लाचित एक्सप्रेस में जुनाई से लखीमपुर तक कि यात्रा कर रहा था वो निंद्रावश लखीमपुर स्टेशन पर उतर नहीं पाया था तथा उसका मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण परिजन अत्यंत चिंतित थे। लखीमपुर शाखा को सूचना मिलते ही, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए रात्रि १:३० बजे रंगापाड़ा शाखा के सक्रिय सदस्य सुनील जी अग्रवाल एवं पवन जी पारीक से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, सुनील जी अग्रवाल अपने साथियों सहित तत्क्षण रेलवे स्टेशन पहुँचकर बोगियों में घूम घूम कर बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और उसके परिजनों सहित लखीमपुर सदस्यों को उसकी बरामदगी की सूचना दी तत्पश्चात सुमित को अपने निवास स्थान पर ले जाकर परिजनों को निश्चिंत किया।




Rungta Office, Nagpur Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand-833201

# अनदेखे हाथों का आशीर्वाद

घर की नई नवेली एकलौती बहू एक प्राइवेट बैंक में बड़े ओहदे पर थी। उसकी सास तकरीबन एक साल पहले ही गुज़र चुकी थी। घर में बुज़ुर्ग ससुर और उसके पति के अलावे कोई न था। पति का अपना कारोबार था।

पिछले कुछ दिनों से बहू के साथ एक विचित्र बात होती। बहू जब जल्दी जल्दी घर का काम निपटा कर ऑफिस के लिए निकलती, ठीक उसी वक़्त ससुर उसे आवाज़ देते और कहते- बहू! मेरा चश्मा साफ कर मुझें देती जा।

प्रतिदिन ऑफिस के लिए निकलते समय बहू के साथ यही होता। काम के दबाव और देर होने के कारण कभी कभी बहू मन ही मन झल्ला जाती लेकिन फ़िर भी अपने ससुर को कुछ बोल नहीं पाती।

जब बहू अपने ससुर के इस आदत से पूरी तरह ऊब गई तो उसने पूरे माजरे को अपने पति के साथ साझा किया।

पति को भी अपने पिता के इस व्यवहार पर बड़ा ताज्जुब हुआ, लेकिन उसने अपने पिता से कुछ नहीं कहा।

पति ने अपनी पत्नी को सलाह दी कि तुम सुबह उठते के साथ ही पिताजी का चश्मा साफ करके उनके कमरे में रख दिया करो, फिर ये झमेला समाप्त हो जाएगा।

अगले दिन बहू ने ऐसा ही किया और अपने ससुर के चश्मे को सुबह ही अच्छी तरह साफ करके उनके कमरे में रख आई।

लेकिन फ़िर भी उस दिन वही घटना पुनः हुई और ऑफिस के लिए निकलने से ठीक पहले ससुर ने अपनी बहू को बुलाकर उसे चश्मा साफ़ करने के लिए कहा।

बहू गुस्से में लाल हो गई लेकिन उसके पास कोई चारा नहीं था। उसे ऑफिस के लिए देर हो रही थी।

बहू के लाख उपायों के बावजूद ससुर ने उसे सुबह ऑफिस जाते समय आवाज़ देना नहीं छोड़ा।

धीरे धीरे समय बीतता गया और ऐसे ही कुछ महीने निकल गए।

अब बहू पहले से कुछ बदल चुकी थी। धीरे धीरे उसने अपने ससुर की बातों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया और फ़िर ऐसा भी वक़्त चला आया जब बहू अपने ससुर को बिलकुल अनसुना करने लगी।

ससुर के कुछ बोलने पर वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देती और बिलकुल ख़ामोशी से अपने काम में मस्त रहती।

गुज़रते वक़्त के साथ ही एक दिन बेचारे बुज़ुर्ग ससुर भी गुज़र गए।

समय का पहिया कहाँ रुकने वाला था, वो घूमता रहा घूमता रहा।

छुट्टी का एक दिन था। अचानक बहू के मन में घर की साफ़ सफाई का ख़याल आया। वो अपने घर की सफ़ाई में जुट गई।

तभी सफाई के दौरान मृत ससुर की डायरी उसके हाथ लग गई।

बहू ने जब अपने ससुर की डायरी को पलटना शुरू किया तो उसके एक पन्ने पर लिखा था-"दिनांक २६.१०.२०१९.."

मेरी प्यारी बहू ... आज के इस भाग दौड़ और बेहद तनाव व संघर्ष भरी ज़िंदगी में घर से निकलते समय बच्चे अक़्सर बड़ों का आशीर्वाद लेना भूल जाते हैं, जबकि बुजुर्गों का यही आशीर्वाद मुश्किल समय में उनके लिए ढाल का काम करता है।

बस इसीलिए जब तुम प्रतिदिन मेरा चश्मा साफ कर मुझे देने के लिए झुकती थी तो मैं मन ही मन अपना हाथ तुम्हारे सिर पर रख देता था, क्योंकि मरने से पहले तुम्हारी सास ने मुझसे कहा था कि बहू को अपनी बेटी की तरह प्यार से रखना और उसे ये कभी भी मत महसूस होने देना कि वो अपने ससुराल में है और हम उसके माँ बाप नहीं है। उसकी छोटी मोटी गलतियों को उसकी नादानी समझकर माफ़ कर देना।

वैसे मैं रहूं या न रहूं मेरा आशीष सदा तुम्हारे साथ है बेटा .. सदा खुश रहो।"

अपने ससुर की डायरी को पढ़कर बहू फूटफूटकर रोने लगी।

आज उसके ससुर को गुजरे ठीक २ साल से ज़्यादा समय बीत चुके हैं, लेकिन फ़िर भी वो रोज घर से बाहर निकलते समय अपने ससुर का चश्मा अच्छी तरह साफ़ कर, उनके टेबल पर रख दिया करती है।

उनके अनदेखे हाथ से मिले आशीष की लालसा में।

अक़्सर हम जीवन में रिश्तों का महत्व महसूस नहीं कर पाते, चाहे वो किसी से भी हो, कैसा भी हो, और जब तक महसूस करते हैं तब तक वह हमसे बहुत दूर जा चुका होता है ..!!

प्रत्येक रिश्तों की अहमियत और उनका भावनात्मक कद्र बेहद जरूरी है, अन्यथा ये जीवन व्यर्थ है ..!!



## ॐ के ११ शारीरिक लाभः

ॐ अर्थात् ओ३म् तीन अक्षरों से बना है, जो सर्व विदित है । अ उ म् । 'अ' का अर्थ है उत्पन्न होना, 'उ' का तात्पर्य है उठना, उड़ना अर्थात् विकास, 'म' का मतलब है मौन हो जाना अर्थात् 'ब्रह्मलीन' हो जाना। ॐ सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और पूरी सृष्टि का द्योतक है। ॐ का उच्चारण शारीरिक लाभ प्रदान करता है। जानें, ॐ कैसे है स्वास्थ्यवर्द्धक और अपनाएं आरोग्य के लिए मात्र ॐ के उच्चारण का मार्ग...

१. ॐ दूर करे तनावः अनेक बार ॐ का उच्चारण करने से पूरा शरीर तनाव-रहित हो जाता है।
२. ॐ और घबराहटः अगर आपको घबराहट या अधीरता होती है तो ॐ के उच्चारण से उत्तम कुछ भी नहीं।
३. ॐ और तनावः यह शरीर के विषैले तत्त्वों को दूर करता है, अर्थात् तनाव के कारण पैदा होने वाले द्रव्यों पर नियंत्रण करता है।
४. ॐ और खून का प्रवाहः यह ह्रदय और ख़ून के प्रवाह को संतुलित रखता है।



५. ॐ और पाचनः ॐ के उच्चारण से पाचन शक्ति तेज़ होती है।
६. ॐ लाए स्फूर्तिः इससे शरीर में फिर से युवावस्था वाली स्फूर्ति का संचार होता है।
७. ॐ और थकानः थकान से बचाने के लिए इससे उत्तम उपाय कुछ और नहीं।
८. ॐ और नींदः नींद न आने की समस्या इससे कुछ ही समय में दूर हो जाती है। रात को सोते समय नींद आने तक मन में इसको करने से निश्चित नींद आएगी।
९. ॐ और फेफड़ेः कुछ विशेष प्राणायाम के साथ इसे करने से फेफड़ों में मज़बूती आती हैं।
१०. ॐ और रीढ़ की हड्डीः ॐ के पहले शब्द का उच्चारण करने से कंपन पैदा होती है। इन कंपन से रीढ़ की हड्डी प्रभावित होती है और इसकी क्षमता बढ़ जाती हैं।
११. ॐ और थायरायडः ॐ के दूसरे अक्षर का उच्चारण करने से गले में कंपन पैदा होती है जो कि थायरायड ग्रंथि पर प्रभाव डालता है ।

## संस्कार... एक कहानी

एक गांव में एक बहुत समझदार और संस्कारी औरत रहती थी... एक बार वह अपने बेटे के साथ सुबह-सुबह कहीं जा रही थी तभी एक पागल औरत उन दोनों मां-बेटे के रास्ते में आ गई और उस लड़के की मां को बहुत बुरा-भला कहने लगी।

इस पागल औरत ने लड़के की मां को बहुत सारे अपशब्द कहे लेकिन फिर भी उस औरत की बातों का मां पर कोई असर नहीं हुआ और वह मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गई।

जब उस पागल औरत ने देखा कि इस औरत पर तो उसकी बातों का कोई असर ही नहीं हो रहा है, तो वह और भी गुस्सा हो गई और उसने सोचा कि मैं और ज्यादा बुरा बोलती हूं। अब वो पागल औरत उस लड़के की मां, उसके पति और परिवार के लिए भला-बुरा कहने लगी। लड़के की मां फिर भी बिना कुछ बोले आगे बढ़ते रही।

काफी देर भला-बुरा कहने के बाद भी जब सामने से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो पागल औरत थककर लड़के की मां के रास्ते से हट गई और दूसरे रास्ते पर चली गई।

उस औरत के जाते ही बेटे ने अपनी मां से पूछा कि मां उस औरत ने आपको इतना बुरा-भला कहा, पिताजी और घर के अन्य लोगों तक के लिए बुरी बातें कही, आपने उस दुष्ट की बातों का कोई जवाब क्यों नहीं दिया? वो औरत कुछ भी जो मन में आया बोलती रही और आप मुस्कुराती रही, क्या आपको उसकी बातों से जरा भी कष्ट नहीं हुआ?

उस समय मां ने बेटे को कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप घर चलने को कहा। जब दोनों अपने घर के अंदर पहुँच गए तब मां ने कहा कि तुम यहा बैठो, मैं आती हूं।



कुछ देर बाद मां अपने कमरे से कुछ मैले कपड़े लाई और बेटे को बोली कि यह लो, तुम अपने कपड़े उतारकर ये कपड़े पहन लो। इस पर बेटे ने कहा कि ये कपड़े तो बहुत ही गंदे हो रहे हैं और इनमें से तो तेज दुर्गंध आ रही है। बेटे ने उन मैले कपड़ों को हाथ में लेते ही उन्हें दूर फेंक दिया।

अब मां ने बेटे को समझाया कि जब कोई तुमसे बिना मतलब उलझता है और भला-बुरा कहता है, तब उसके मैले शब्दों का असर क्या तुम्हें अपने साफ-सुथरे मन पर होने देना चाहिए? ऐसे समय में गुस्सा होकर अपना साफ-सुथरा मन क्यों खराब करना?

किसी के फेंके हुए मैले अपशब्द हमें अपने मन में धारण करके अपना मन नहीं खराब करना चाहिए और न ही ऐसी किसी बात पर प्रतिक्रिया देकर अपना समय ही नष्ट करना चाहिए। जिस तरह तुम अपने साफ-सुथरे कपड़ों की जगह ये मैले कपड़े जब धारण नहीं कर सकते, उसी तरह मैं भी उस औरत के फेंके हुए मैले शब्दों को अपने साफ मन में कैसे धारण करती? यही वजह थी कि मुझे उसकी बातों से कोई फर्क नहीं पड़ा।


SINCE 1959
ISO 9001:2015
ISO 14001:2015
ISO 45001:2018
NABL Accredited Lab
POWERING 47 COUNTRIES ACROSS THE WORLD
IAC Electricals Pvt Ltd is the one stop solution for providing innovative product and services to the electric power utility since 1959
PRODUCTS & SERVICES OFFERED:
INSULATOR HARDWARE FITTINGS UPTO 1200 kV HVAC & 800 kV HVDC
AB CABLE & OPGW FITTINGS
POLE / DISTRIBUTION LINE HARDWARE
EARTHING, STAY & TOWER ACCESSORIES
HTLS CONDUCTOR ACCESSORIES & SUB-ZERO HARDWARE FITTINGS
SUBSTATION CLAMPS & CONNECTORS
CONDUCTOR, INSULATOR & HARDWARE TESTING FACILITY
AB CABLES, COVERED CONDUCTORS AND ADSS CABLE ACCESSORIES
IAC ELECTRICALS PVT LTD
Transmission and distribution line hardwares | HTLS Conductor Testing
www.iacelectricals.com
info@iacelectricals.com
701, Central Plaza, 2/6, Sarat Bose Road, Kolkata - 700020

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर




पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की सिलोनीजान शांतिपुर शाखा ने लायन्स नेत्र चिकित्सालय, जोहहाट के सहयोग से सिलोनीजान में एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लायन्स नेत्र चिकित्सालय, जोरहाट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कुल १५३ मरीजों की नेत्र जांच की। इनमें से ३५ मरीजों को नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा (आई ऑपरेशन) हेतु चिकित्सालय की ओर से विशेष बस द्वारा जोरहाट भेजा गया। सभी मरीजों की सफल शल्य चिकित्सा के उपरांत उन्हें १४ अक्टूबर २०२५ को सुरक्षित रूप से उनके घरों तक पहुँचाया गया। यह सेवा कार्य पूरी तरह नि:शुल्क था, जिसमें जांच, ऑपरेशन, आवास एवं परिवहन की संपूर्ण व्यवस्था मारवाड़ी सम्मेलन शाखा और लायन्स नेत्र चिकित्सालय के सौजन्य से की गई। शाखा ने लायन्स नेत्र चिकित्सालय, जोरहाट के सभी चिकित्सकों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्ति किया है और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया है।

## हैप्पीनेस किट का वितरण



पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की गुवाहाटी मेट्रो शाखा द्वारा एच.एल. पोद्दार फाउंडेशन के सहयोग से फैंसी बाजार स्थित एल.ओ.ज. स्कूल में **'हैप्पीनेस किट वितरण'** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग ३०० से अधिक 'हैप्पीनेस किट्स' बच्चों के बीच वितरित की गई। इन किट्स में मिठाई, दीये, तेल, फूलझड़ी, बाती एवं माचिस जैसी सामग्री सम्मिलित थी, जो बच्चों के चेहरों पर दीवाली जैसी चमक बिखेर रही थी।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री वैद्यनाथ झा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री सुभाष क्याल, उपाध्यक्ष श्री पंकज जालान, मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी मेट्रो शाखा के अध्यक्ष श्री अमित कुमार कंसल, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कैलाश काबरा, वार्ड काउंसलर श्री प्रमोद स्वामी, तथा मंडल-'ई' के उपाध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया सहित अनेक एच.एल पोद्दार फाउंडेशन की ओर से श्री अजय पोद्दार एवं उनकी सर्मपित टीम की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

## 'अमृत जलधारा' का लोकार्पण



पूर्वोत्तर प्रादेशीक मारवाड़ी सम्मेलन की डिब्रूगढ़ शाखा द्वारा समाजहित में संचालित दूसरी **'अमृत जलधारा'** (शुद्ध पेयजल प्याऊ) का लोकार्पण पल्टन बाजार, लोहारपट्टी रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर हिंदी उच्च विद्यालय परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डिब्रूगढ़ पौर निगम के मेयर डॉ. सैकत पात्र एवं अमृत जलधारा दाता परिवार के सदस्य, नामरूप निवासी समाजसेवी श्री बाबूलाल पांड्या (जैन) ने किया।

डिब्रूगढ़ शाखा के अध्यक्ष श्री कैलाश धानुका के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मेलन के सलाहकार श्री आत्माराम बिरमीवाल, श्री विश्वनाथ गाड़ोदिया, मुख्य अतिथि डॉ. सैकत पात्र, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार जैन, मंडल 'क' के मंडलीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार अगरवाला, शाखा सचिव श्री संदीप केजरीवाल, उपाध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती बिनीता डेका, पार्षद श्रीमती सीमा दास, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री आशीष दत्ता, तथा श्री दिगंबर जैन समाज ग्राहम बाजार के सचिव श्री अनिल बगड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता श्री सज्जन केजरीवाल (उपाध्यक्ष), श्री महेंद्र केडिया, श्री संदीप अग्रवाल (जनसंपर्क अधिकारी), श्री मनोज जैन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन की ओर से दाता परिवार- श्री बाबूलाल पांड्या (जैन), उनके सुपुत्र श्री ललित पांड्या, श्रीमती दर्शिका जैन एवं सभी परिजनों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## बच्चों को कराया भोजन



पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की गुवाहाटी महिला शाखा द्वारा **'आनंद सबके लिए'** कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को भोजन कराया गया। शाखा अध्यक्ष श्रीमती संतोष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को स्वादिष्ट खीर-पूड़ी परोसी गई तथा फल और जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती रेखा गोयल, श्रीमती बिंदु मोहता, श्रीमती विद्या कुंडलिया एवं श्रीमती इंद्रा जिंदल ने किया। शाखा की उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती अलका अग्रवाल और श्रीमती कविता जोगड़ ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता की।

## दिवाली मेला का आयोजन



पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की गुवाहाटी महिला शाखा ने परशुराम भवन में दिवाली मेला का भव्य एवं सफल आयोजन किया। शाखा की अध्यक्ष श्रीमती संतोष शर्मा के नेतृत्व में आयोजन इस मेले में कुल ३२ आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें कोलकाता, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी की बहनों ने भाग लेकर विविध प्रकार के उत्पादों, पारंपरिक परिधानों, हस्तशिल्प वस्तुओं, सजावटी सामानों, मिठाइयों और त्योहार से जुड़े उपहारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश काबरा ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री श्री रमेश चांडक, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता, श्री पंकज पोद्दार, मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी मेट्रो के अध्यक्ष अमित जी कंसल, तथा श्री संपत मिश्रा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत असमिया गामोछा पहनाकर एवं स्मृति उपहार भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की प्रायोजक श्रीमती कमला लाटा, श्रीमती अंजू पुजारी, श्रीमती इंदिरा पिंचा एवं श्रीमती ज्योति जालान थीं। श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती बिंदु मोहता, श्रीमती सुनीता चांडक और श्रीमती राजश्री कुचेरिया के कुशल प्रबंधन और परिश्रम से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। खरीदारों के उत्साह को बनाए रखने के लिए हर घंटे लकी ड्रा रखा गया। शाखा की सभी कार्यकारिणी सदस्याएँ एक समान साड़ी में मुसच्चित होकर उपस्थित रहीं, जिससे मेले का सौंदर्य और उत्सवी रंग और अधिक निखर उठा। कार्यक्रम में सलाहकार मंडल की सदस्याएँ श्रीमती सरला जी काबरा, श्रीमती वंदना जी सोमानी, श्रीमती इंदिरा जी जिंदल एवं श्रीमती शारदा जी केडिया, साथ ही मंत्री श्रीमती मंजू भंसाली, कोषाध्यक्ष श्रीमती शांति कुंडलिया और समस्त कार्यसमिति को सक्रिय भागीदारी रही।

## गौरीपुर एवं धुबड़ी में तदर्थ समिति का गठन

गौरीपुर एवं धुबड़ी में सम्मेलन की शाखा का मार्ग प्रशस्त करते हुए तदर्थ समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गौरीपुर के लिए अशोक जैन को तदर्थ समिति का संयोजक व प्रदीप तोदी को सह-संयोजक बनाया गया तथा धुबड़ी के लिए सुशील बैंगानी को संयोजक नियुक्त गया।

प्रांतीय समाचार : छत्तीसगढ़

## दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की रायपुर शाखा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह दिनांकः ३ नवम्बर को रामसागर पाड़ा स्थित होटल अलोहा में हर्ष, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं, युवाओं एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात शाखा पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में प्रकाश, सद्भाव, एकता और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।


अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

## दीपावली मिलन समारोह



पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित पारम्परिक दीपावली मिलन समारोह दिनांकः २५ अक्टूबर २०२५ (शनिवार) को सायं ६ बजे से मेवाड़ बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन गोयनका एवं महामंत्री श्री केदारनाथ गुप्ता का पारंपरिक पगड़ी एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में श्री गोयनका ने बताया कि सम्मेलन आज देशभर के २५ राज्यों में प्रांतीय शाखाओं तथा कुल लगभग ५०० शाखाओं के माध्यम से समाजोत्थान एवं सेवा कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि राष्ट्रीय सम्मेलन शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है और बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु नियमित रूप से छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदारनाथ गुप्ता ने सम्मेलन की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया तथा दीपावली पर्व की अनोखी आध्यात्मिक कथा साझा कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।

समारोह में अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें-पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय गुजरवासिया, श्री घनश्याम दास अग्रवाल, श्री ललित प्रहलादका, श्री प्रकाश हरलालका, श्री बाबुलाल बंका, श्री गिरधारीलाल गायेनका, समेत अन्य सम्मानित उद्योगपति एवं वरिष्ठ सदस्य शामिल थे।

प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की भारी उपस्थिति ने **"दीपावली मिलन"** के इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं सार्थक बना दिया है। उन्होंने समाज सेवा तथा सामुदायिक कल्याण के लिए सम्मेलन की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

प्रांतीय सचिव श्री पंकज भालोटिया ने सम्मेलन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यक्रम का सुचारु संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक श्री मनीष बजाज का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल महिला सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती विनिता अग्रवाल, श्रीमती सरिता अग्रवाल, नागरबाजार महिला सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा भालोटिया, श्रीमती पुनम अग्रवाल, श्रीमती विनिता बंका समेत बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दीनदयाल धनानिया, शैलेश जिंदल, सीए रूपक केडिया, बिनोद लिहाला, सोनू जैन, सीए गणेश अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, संजय जैन, रमेश बंका, विक्रम गोयल सहित अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बांकुड़ा में दीपावली मिलनोत्सव




पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से दीपावली मिलनोत्सव कदा आयोजन बांकुड़ा धर्मशाला प्रांगण में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर उत्सव का उद्घाटन किया गया।

**राजस्थानी संस्कृति की झलक व समुदाय एकता का उत्सव**

मिलनोत्सव के दौरान राजस्थानी संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। उपस्थिति मारवाड़ी समाज के लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया गया। मंच पर स्थानीय कलाकारों और समाज के बच्चों ने पारंपरिक गीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

**सम्मान समोरोह में समाजसेवियों व छात्रों कदो मिला सम्मान**

कार्यक्रम में समाजसेवी, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट समाजसेवी विष्णु बाजोरिया को 'आदर्श नागरिक सम्मान' फूलचंद सराफ को 'लिजेंड्री मारवाड़ी अवार्ड' और प्रणति सेनागुप्ता गो 'गुरु सम्मान' से नवाजा गया। इसके साथ ही माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले १६ छात्रों को भी 'प्रतिभा सम्मान' प्रदान किया गया।

**उत्साह व आनंद से भरा माहौल**

कार्यक्रम का संचालन एकता सुहासरिया और रेवा खंडेलवाल ने किया। बांकुड़ा शाखा के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी समाज के सभी वर्गो की भागीतारी के साथ दीपावली मिलनोत्सव को बड़े स्तर पर मनाया गया। पुरे आयोजन में नृत्य, कॉमेडी और खेल जैसे कार्यक्रमों ने उत्सव के माहौल को और भी जींवत बना दिया।

## सूचना

**सीताराम रूँगटा मारवाड़ी सम्मेलन भवन का निर्माण कार्य**

**दिनांकः २६ नवंबर २०२५ से शुभारंभ।**

# दुर्गापुर में वाटर कूलर मशीन का उद्घाटन



पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की दुर्गापुर शाखा स्थित महावीर मंदिर (डंगाल सेवा समिति) प्रांगण में शनिवार २० सितम्बर २०२५ को पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से ठंडा पेयजल मशीन स्थापित की गई। इस अवसर पर दुर्गापुर नगर निगम प्रशासनिक बोर्ड के सदस्य श्री धर्मेन्द्र यादव, दुर्गापुर दो नंबर ब्लॉक के सभापति श्री उज्ज्वल मुखर्जी, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री शिव शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष श्री राजेश प्रसाद, सचिव श्री पिंटू राय तथा फाउंडर मेंबर श्री सुरेश यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल, प्रदेश सचिव श्री पंकज भालोटिया, प्रदेश कोर्डिनेटर श्री मनीष बजाज तथा दुर्गापुर पश्चिम शाखा के उपाध्यक्ष श्री अशोक काजरिया, सचिव श्री राजेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव श्री संतोष माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्री बृजमोहन गुप्ता, संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल सहित कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य और समाज के अनेक गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इस पहल से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों का स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा।

**प्रांतीय समाचार : झारखंड**

# मारवाड़ी सम्मेलन ने प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया



जिला सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अगुवाई में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद को अंगवस्त्र और राम दरबार का प्रारूप भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को अंगवस्त्र और अशोक स्तंभ का प्रारूप देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा एवं इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर को अशोक स्तंभ का प्रारूप एवं रामचरितमानस की पुस्तिका भेंट की गयी।

# झारखंड की प्रगति में मारवाड़ी समाज का है उल्लेखनीय योगदान - संजय सेठ




झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा निर्मित वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रांतीय कार्यालय हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों से आए गणमान्य लोग, समाजसेवा एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि मारवाड़ी समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज सदैव सेवा, सहयोग और संस्कारों के लिए जाना जाता है। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में नई वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह डिजिट ल पहल झारखंड के मारवाड़ी समाज को एक मंच पर जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस माध्यम से समाज के सदस्य आसानी से सम्मेलन की गतिविधियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और सदस्यता संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने किया तथा अंत में प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने उपस्थित अतिथियों एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर-ओम प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार केडिया, कमल कुमार केडिया, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, विनोद जैन, ललित कुमार पोद्दार, अरुण भरतिया, विकास मोदी, रतन लाल बंका, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, चंडी प्रसाद डालमिया, संजय सर्राफ, अनिल अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, अंजय सरावकी, रिंकू अग्रवाल, सुरेश सोंथालिया, मुकेश मित्तल, कृष्ण अग्रवाल, भोला चौधरी, राकेश हेलिवाल, परमानंद केजरीवाल, राम बांगड़, तुलसी पटेल, राजेश भरतिया, दिलीप पटवारी, नारायण महेश्वरी, ज्योति बजाज, राजू भुजांनिया, जितेश अग्रवाल, किशन अग्रवाल सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन, एवं युवा वर्ग के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफल आयोजन, अनुशासन और उत्साह का अद्‌भुत उदाहरण रहा, जो झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के बढ़ते कदमों की नई दिशा का प्रतीक है।

# "सामूहिक पूर्णिमा उद्यापन" सफलतापूर्वक सम्पन्न



उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सम्बलपुर द्वारा आयोजित **"सामूहिक पूर्णिमा उद्यापन"** का पावन एवं भव्य आयोजन दिनांक ०५ नवम्बर २०२५ को मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला, खेतराजपर में श्रद्धा, उत्साह और सामूहिक सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों सदस्यों, महिलाओं, युवाओं तथा वरिष्ठ जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्णिमा के इस पारंपरिक उद्यापन में सामूहिक पूजा-अर्चना, पारंपरिक विधि-विधान, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सम्बलपुर शाखा ने सभी सदस्यों, स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से ही ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन सफल हो पाते हैं।

# एकादशी उद्यापन



**केसिंगा शाखा द्वारा एकादशी उद्यापन में प्रांतीय अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव श्री सुभाष अग्रवाल, बलांगीर जोन सचिव श्री प्रकाश गोयल, बरगढ़ जोन सचिव श्री विनोद अग्रवाल, केसिंगा शाखा अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर अग्रवाल उपस्थित।**



**बरगढ़ जयसिंह भवन में आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन में उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष किशन लाल अग्रवाल, मंडल सचिव विनोद अग्रवाल व प्रांतीय संयोजक किशोर अग्रवाल सम्मानित अतिथि के तौर पर शामिल हुए।**



**कांटाबांजी शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच कांटाबांजी शाखा एवं प्रगति शाखा द्वारा सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह।**



**धरमगढ़ शाखा द्वारा सामूहिक एकादशी उद्यापन।**



**बेलपहाड़ शाखा द्वारा सामूहिक एकादशी उद्यापन।**

# दीपावली स्नेह मिलन समारोह



कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा दिनांकः २६ अक्टूबर २०२५ को आयोजित भव्य **"दीपावली स्नेह मिलन समारोह"** बेंगलुरु में होटल अनंता (मेकेरी सर्किल, बेल्लारी रोड, देवा बैंक कॉलोनी, गंगानगर) में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान एवं गणेश वंदना से हुआ।

इस अवसर पर कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, बेंगलुरु शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों शाखाध्यक्षः पंकज कुमार जालान शाखा सचिवः स्नेह कुमार जाजू, शाखा कोषाध्यक्षः मनीष अग्रवाल ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाष अग्रवाल एवं बैंगलोर जिला अध्यक्ष अरुण खेमका ने किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान पूर्व अध्यक्ष रमाकांत सराफ कर्नाटक महासचिव शिवकुमार टेकड़ीवाल एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रिंस जैन ने किया सर्वप्रथम प्रांतीय अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाष अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुभाष बंसल, गोडवाड़ भवन के महासचिव कुमारपालजी, सम्मेलन के जिला अध्यक्ष अरुण खेमका, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नितेश टिबड़ेवाल, सालासर हनुमान के निर्माणाधीन मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद मुरारका, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज जालान, परिधि महिला शाखा अध्यक्षा माया अग्रवाल, प्रोफेशनल शाखा अध्यक्ष दीपक जैन ने सभा को सम्बोधित किया।

# गौ सेवा का लाभ



कर्नाटक प्रादेशीक मारवाड़ी सम्मेलन की महिला परिधि, बेंगलूरु (कर्नाटक) की अध्यक्षा माया अग्रवाल के संचालन में गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन अखिल कर्नाटक प्राणी दया संघ, कोरमंगला गौशाला में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौमाता की पूजा से हुई। इस अवसर पर दो गायों के एक वर्ष के चारे का दान गौशाला को दिया गया। सभी सदस्यों ने फल और चारा खिलाकर गौ सेवा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। ६५ लोगों को खाना खिलाया गया। वहां शाखा अध्यक्ष (बेंगलूरु) सीता राम अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य गजेंद्र अग्रवाल और सुरेश जालान उपस्थित थे। कार्यक्रम में परिधि की सलाहकार मंजू अग्रवाल, सह-उपाध्यक्षा निर्मला गोयल, सह-सचिव पल्लवी पोद्दार तथा समिति से सविता गुप्ता, हेमलता अग्रवाल, आशा मित्तल, अंजू अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, पूजा (मदन) अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल और अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# उपलब्धियाँ



माहेश्वरी समाज की मारवाड़ी लड़की एवं भारतीय महिला क्रिकेट जगत में उप कप्तान **सुश्री स्मृति मंधाना (मानधना)** ने शिखरस्थ खिलाड़ी होने का गौरव हासिल किया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा २०२५ में मारवाड़ी समाज के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

**मुकुंद आगिवाल** (धामनौद) – प्रथम रैंक, ८३.३३%



**तेजस मूंदड़ा** (हैदराबाद) – द्वितीय रैंक, ८२.००%



**बकुल गुप्ता** (अलवर) – तृतीय रैंक, ८१.५०%

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से इन सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ!



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय इकाई गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री संदीप सिंघल एवं धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंघल की सुपुत्री सुश्री आयूषी सिंघल के डॉक्टर (MD – Pathology) बनने पर हार्दिक एवं आत्मीय बधाई!

आलेख

# हिंदुओं में आस्था प्रतिकों के प्रति निष्ठा होना आवश्यक

**– अरुण चूड़ीवाल**

संवत् २०८२ अर्थात् सन् २०२५ की दुर्गा पूजा, नवरात्र, २२ सितंबर सोमवार से प्रारंभ हुए। इसके पूर्व दिनांक २१ सितम्बर को पितृपक्ष-महालया के रूप में समाप्त हुआ।

